उद्यान विकास एवं हरित परिसर समिति

प्रकृति एवं वनस्पति में औषधि का समायोजन उद्यानों की विशिष्टता है। सुन्दर नयनाभिराम उद्यान बोलते–हंसते, जीते–जागते से हरे, भरे रंग–बिरंगे प्रत्येक व्यक्ति को निश्चित रूप से सकारात्मक उर्जा प्रदान करते है। महाविद्यालय में हरे भरे एवम् साफ सुथरे गार्डन, वाटिकाएं तथा परिसर छात्राओं तथा शिक्षकों के अध्ययन–अध्यापन के लिए स्वस्थ व सौन्दर्ययुक्त वातावरण प्रदान करते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय की उद्यान विकास एवम् हरित परिसर समिति सत्रपर्यन्त समय–समय पर महाविद्यालय में छात्राओं की सहायता से पौधारोपण, स्वच्छता अभियान एवम् जागरूकता अभियान का आयोजन करती है।

इस क्रम में दिनांक 01.08.2022 को समिति प्रभारी डॉ. सविता चाहर तथा समिति सदस्य डॉ. अनीता कावड़िया, डॉं मनीषा चौबीसा तथा डॉ. नसरीन बानू, छात्राओं, शिक्षक तथा मन्त्रालयिक कर्मचारियों की मदद से महाविद्यालय परिसर में औषधीय पादप, गुलाब एवम् गुडहल के पौधे लगाये। सर्वप्रथम महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. नीलम सिंघल ने ऑवले का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

दिनांक 04.11.2022 को उधान विकास तथा हरित परिसर समिति एवम् वनस्पति शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में "Plants and Environment" के प्रति जागरूकता अभियान का प्रारम्भ किया गया। इसके अन्तर्गत छात्राओं को पादपों तथा पर्यावरण का महत्व समझाया गया तथा महाविद्यालय को हरा भरा रखने तथा साफ सुथरा रखने की शपथ दिलाई गयी ।

दिनांक 18–01–2023 को उद्यान विकास समिति, वनस्पति शास्त्र विभाग एवं एलुमनी मीरा सोसायटी के संयुक्त तत्त्वावधान में पौधारोपण का कार्यक्रम रखा गया। इसके अन्तर्गत महाविद्यालय में श्रेष्ठ श्रेणी के अनार के बारह पौधे लगाए गए। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मीना बया ने अनार का पौधा लगा कर किया।

संकाय सदस्यों, एलुमनी मीरा सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. मंजु बारुपाल, सचिव डॉ. सविता चाहर, सहसचिव डॉ. रजिया जबीन वरिष्ठतम सदस्य डॉ. जुझार हुसैन बोहरा, डॉ. अन्जना गौतम, डॉ. मन्जु त्रिपाठी, डॉ. भावना हींगड, डॉ. नदीम चिश्ती, डॉ. स्नेहा बाबेल तथा छात्राओं ने पौधारोपण किया। उच्चतम वैरायटी के अनार के पौधे जिनका मूल्य, लगभग तीन हजार रूपये था, महाविद्यालय के वरिष्ठतम सदस्य डॉ. जुझार हुसैन बोहरा, विभागाध्यक्ष रसायनशास्त्र के सौजन्य से प्राप्त हुए।

दिनांक 14.11.2022 को बाल दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय परिसर में फलदार पौधे लगाये गये। इस कार्यक्रम में छात्राओं तथा संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा पौधों के रखरखाव की जिम्मेदारी ली।

आर्थिक सहायकता एवं छात्रवृत्तियाँ

क.स.	नाम छात्रवृत्ति / सहायता	प्राप्त आवेदन	लाभार्थी
1	मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति	1519	755
2	पोस्ट मैट्रिक अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति	34	प्रक्रियाधीन
3	मुख्यमंत्री बी.एड. सम्बल विधवा एवं परित्यक्ता योजना	15	14
4	राष्ट्रीय छात्रवृत्ति एवं रोजगार मंत्रालय समिति एवं राष्ट्रीय विघ्यांगजन सशक्तीकरण समिति	01	01
5	सेन्ट्रल सेक्टर स्कीम ऑफ स्कॉलरशीप फॉर कॉलेज एंड युनिवर्सिटी स्टुडेन्ट	03	01
6	जनजाति उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति (आर्थिक सहायता)	1810	1625 प्रक्रियाधीन
7	सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता छात्रवृत्ति (उत्तरमेट्रीक)	2102	103 प्रक्रियाधीन
8	देवनारायण गुर्जर स्कूटी वितरण कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी वितरण		

राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर (राज.)
उद्यान विकास एवं हरित परिसर समिति